पौधारोपण सप्ताह

हिंदू कन्या महाविद्यालय जींद में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई और इको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में पौधारोपण सप्ताह मनाने हेतु 27-7-2023 को पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त 26-7-2023 को कारगिल विजय दिवस पर स्वयं सेविकाओं को शपथ दिलवाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्या डॉ पूनम मोर ने की। प्राचार्या महोदया ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि पेड़ों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। धार्मिक दृष्टि से जहां बड़े पीपल व नीम जैसे पेड़ों को देवीय रूप में पूजा जाता है, वहीं वैज्ञानिक दृष्टि से पेड़ ऑक्सीजन व शुद्ध वातावरण प्रदान करते हैं। उन्होंने स्वयं सेविकाओं से आह्वान किया कि वे जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं। इस अवसर पर इको क्लब की इंचार्ज श्रीमती नीलम, एनएसएस इंचार्ज श्रीमती आरती सैनी के अतिरिक्त वरिष्ठ प्राध्यापिका श्रीमती रेखा सैनी, डॉ नीलम, डॉ सुषमा गर्ग, डॉ रश्मि मलिक, डॉ अंशु, डॉ सीमा दलाल, श्रीमान सुरेश, श्रीमान राकेश व श्रीमान संजू मौजूद रहे।

प्रकृति की सुंदरता पौधों पर निर्भर : पूनम

हिंदू कन्या महाविद्यालय में एनएसएस व इको क्लब की ओर से पौधरोपण कार्यक्रम

संवाद न्यूज एजेंसी

जींद। हिन्दू कन्या महाविद्यालय में वीरवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई (एनएसएस) व इको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. पूनम मोर ने की।

राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई की स्वयंसेविकाओं को राष्ट्र धर्म व पर्यावरण को बचाने की शपथ दिलाई गई, जबकि एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी आरती सैनी व इको क्लब इंचार्ज नीलम द्वारा कार्यक्रम संपन्न करवाया गया।

डॉ. पूनम मोर ने कहा कि पौधों का धार्मिक एवं वैज्ञानिक महत्व है। पौधों का हमारा जीवन में विषेश महत्व है। प्रकृति की सुंदरता पौधों पर निर्भर है। वेदों और पुराणों में भी पौधों की महिमा व सामाजिक जीवन में पौधरोपण से होने वाले लाभों के बारे में बताया गया है। धार्मिक दृष्टि से जहां बड, पीपल व नीम जैसे पौधों को देवी रूप में पूजा करते हैं।

वैज्ञानिक दृष्टि से वही पौधे आक्सीजन व शुद्ध वातावरण प्रदान करते है। इसलिए पौधरोपण आवश्यक है। उन्होंने स्वय सेविकाओं से आह्वान किया कि वे जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं। इस अवसर पर वरिश्ठ प्राध्यापिका रेखा सैनी, डॉ. नीलम, डॉ. सुशमा गर्ग, डॉ. रश्मि मलिक, डॉ. अंशु सैलपार, डॉ. सीमा दलाल मौजूद रहीं।

हिन्दू कॉलेज में पौधरोपण करने के दौरान मौजूद छात्राएं और शिक्षिकाएं। संवाद

सुदकैन खुर्द में लगाई त्रिवेणी

उचाना। सुदकैन खुर्द गांव में ब्लॉक समिति सदस्य की अनिल खटकड़ की अगुवाई में सार्वजनिक स्थानों पर पौधरोपण किया गया। त्रिवेणी भी इस दौरान लगाई गईं। पौधे लगाओ पर्यावरण बचाओ अभियान के तहत पौधे लगाए गए। अनिल खटकड़ ने कहा कि पर्यावरण बचाने के लिए पौधरोपण करना जरूरी है। इसलिए परिवार में कोई खुशी हो तो खेत, मकान के आगे पौधे लगाएं। संवाद